तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026

14 जिले में 2217 आजीविका डबरियों का निर्माण...



14 बस संचालकों को दी सख्त चेतावनी नियम तोड़ने ...





## अपराध : सभी तीनों आरोपी गिरफ्तार

# दूसरी शादी के विरोध में रची हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिले में एक सनसनीखेज हत्या का मामला आखिरकार पुलिस ने सुलझा लिया है। दूसरी शादी को लेकर उपजे विवाद ने एक व्यक्ति की जान ले ली, जहां गुस्से में आकर तीन लोगों ने मिलकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। लंबे समय तक जांच और साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

यह मामला थाना ताड़ोकी क्षेत्र का है, जहां 13 जुलाई 2022 को सदेश कुमार ध्रुव की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना पर मर्ग कायम किया गया था।

- **चार वर्ष पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, दूसरी शादी करने पर मृतक से आरोपी थे नाराज**

प्रारंभिक तौर पर मामला संदिग्ध लग रहा था, लेकिन जब शव का पोस्टमार्टम कराया गया तो रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मृतक की गला घोंटकर हत्या की गई है। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 302 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक सदेश कुमार ध्रुव का विवाह करीब 14 वर्ष पहले हुआ था और उसके दो बच्चे भी हैं। कुछ वर्षों बाद उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति खराब हो गई, जिसके चलते वह इलाज के लिए नारायणपुर जिले के ग्राम बेलगांव में रहने लगी। इसी दौरान सदेश ने दूसरी महिला से शादी करने का निर्णय लिया और सामाजिक रीति-रिवाज से फलदान कार्यक्रम भी संपन्न कर लिया था। यहीं से विवाद की शुरुआत हुई। आरोपी गंगूराम ध्रुव, जो अपने क्षेत्र का सामाजिक प्रमुख था, मृतक के इस फैसले से बेहद नाराज था। वह नहीं चाहता था कि पहली पत्नी के जीवित रहते हुए सदेश दूसरी शादी करे। इस मुद्दे को लेकर कई बार विवाद भी हुआ।

घटना के दिन 13 जुलाई 2022 को ग्राम सरंडी में एक सामाजिक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक समाप्त होने के बाद गंगूराम ध्रुव, मंगूराम ध्रुव और रजउ राम ध्रुव ने शराब के नशे में आकर गुस्से में हत्या की साजिश रच डाली। उसी रात करीब साढ़े 8 बजे तीनों आरोपी सदेश के घर पहुंचे। उसे अकेला पाकर उन्होंने गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और शव को बिस्तर पर लिटाकर फरार हो गए, ताकि मामला सामान्य मौत जैसा लगे। आखिरकार 23 मार्च को ग्राम सरंडी में गहन पूछताछ के दौरान तीन संदिग्धों ⏭ शेष पेज 12 पर



### चार साल बाद हुआ खुलासा

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिन्हा, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक यशवंत कुमार श्याम और निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में सायबर सेल कांकेर और थाना ताड़ोकी की संयुक्त टीम के प्रयास से चार साल पहले हुई हत्या का खुलासा हो पाया।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

## भाजपा के पदाधिकारियों का किया गया स्वागत



**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला कांकेर द्वारा 24 मार्च को प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारियों व कार्यसमिति सदस्यों के प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष उमा शर्मा, जिला अध्यक्ष रूखमणी उईके, महामंत्री विजया लक्ष्मी कौशिक, शकुन्तला जैन और मंजू सारथी ने प्रदेश पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव, राजा देवनानी, जयना तारम, जयश्री सिन्हा, दिनेश्वरी महावीर, संतोषी सिन्हा, अंजू नेगी, तमन्ना, गीता वट्टी, आरती जैन और भूमि नागवंशी व अन्य उपस्थित रहें।

## भीषण गर्मी में सूखा नलजल, दुर्गूकोंदल के गांवों में पानी के लिए भटकते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

जिले के विकासखंड दुर्गूकोंदल के कई गांवों में नलजल योजना की बदहाली ने भीषण गर्मी के बीच जल संकट को विकराल बना दिया है। हालात इतने गंभीर हैं कि ब्लॉक मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम दोडदे के लोग पीने के पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में स्थापित नलजल योजना की पानी टंकी लंबे समय से खराब पड़ी है और पाइपलाइन में जगह-जगह लीकेज होने के कारण घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है। इसके अलावा माइनिंग कंपनियों द्वारा बनाए गए जलस्त्रोत भी अनुपयोगी हो चुके हैं, जिससे समस्या और गहराती जा रही है। भीषण गर्मी के इस दौर में ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। गांव की सुकबती, मंगाय, महेश्वरी, पार्वती, खिलेश्वरी, प्रमीला, सोनी, सुशीला, दुर्गूराम, अमरू राम, दानसाय, प्रेमसिंह, दशरथ, दीपक और असीष सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या ⏭ शेष पेज 12 पर




## द्वितीय पुण्यतिथि



स्व. प्रवीण कुमार साहू
जन्म-15-05-2000 / निर्वाण-26-03-2024

सौम्यता उनकी सुगंध थी, आनंद उनका जीवन था,
सत्कर्म उनकी शोभा और परोपकार उनका कर्तव्य था।
मीठी मधुर स्मृतियां आपकी कभी नही मिट पायेंगी।
आपका व्यवहार आपकी बातें, सदैव हमें याद आयेंगी।।

दो साल हो गए पर ऐसा लगता है जैसे तुम कल ही हमारे साथ थे।
तुम्हारा हंसता हुआ चेहरा, तुम्हारी बातें,
सब कुछ याद आता है। तुम्हारी आत्मा को शांति मिले, मेरे बच्चे...

**शोकाकुल परिवार**
प्रीतम कुमार साहू-पदमनी साहू (पिता-माता)
उत्तम कुमार साहू-मोंगरा साहू (बड़े पापा-बड़ी माँ)
शिशुपाल साहू-प्रेम बाई साहू (बड़े पापा-बड़ी माँ)
यशदीप साहू-पूनम साहू (भैया-भाभी)
प्रयाग बाई साहू (नानी), यंकित कुमार साहू (भाई), यामिनी साहू (बहन)



## खबर संक्षेप



### मकानों का चिन्हांकन और क्रमांकन जारी

**भानुप्रतापपुर।** जनगणना कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र में घरों के चिन्हांकन एवं क्रमांकन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम घर-घर पहुंचकर मकानों पर नंबर अंकित कर रही है तथा कार्य का लगातार निरीक्षण भी किया जा रहा है। सुपरवाइजर निरंकार श्रीवास्तव द्वारा मकान नंबर आबंटित करते हुए पूरी प्रक्रिया का जायजा लिया जा रहा है। टीम ने यह सुनिश्चित किया कि सभी घरों का सही तरीके से पंजीयन हो और कोई भी मकान छूटने न पाए। इस दौरान नरेंद्र सिंह ठाकुर, मनोज कुमार चौहान और एकांत चौहान सभी वार्डों में लगातार प्रत्येक घर को नंबर आबंटित कर चिन्हांकित करने में जुटे हुए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में सटीकता और समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रारंभ

**भानुप्रतापपुर।** लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा सत्र 2026-27 के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार प्रदेश में कुल 403 अंग्रेजी माध्यम एवं 348 हिंदी माध्यम के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय संचालित हैं, जिनमें नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए सेजेस पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से 5 मई तक चलेगी। यदि आवेदन संख्या अधिक होती है, तो 6 मई से 10 मई के बीच लॉटरी के माध्यम से सीट आवंटन किया जाएगा। इसके बाद 11 मई से 15 मई 2026 तक प्रवेश से संबंधित अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएंगी। निर्देशों के अनुसार अभिभावक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकेंगे, लेकिन एक छात्र केवल एक ही विद्यालय के लिए आवेदन कर पाएगा। सरकार द्वारा संचालित महतारी दुलार योजना के तहत कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे मामलों में आवेदन के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी अभिभावक के मृत्यु प्रमाण पत्र को संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए कुल सीटों में 25 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। वहीं, कुल रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत पर प्रवेश लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत तेलगरा निवासी 20 वर्षीय विमल साहू पिता राजेंद्र साहू का इलाज के दौरान 5 जनवरी को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया। गंभीर चोट के कारण उसका मौत हो गया। थाना कांकेर में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# पीएम 2.0 के हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा, समय पर बना तो 32,600 प्रोत्साहन राशि

## नपा अध्यक्ष पटेल व उपाध्यक्ष जसकेतु ने की तय समय में आवास पूर्ण करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर पालिका परिषद कोंडागांव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के लिए हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा बिल्डिंग परमिशन प्रदान की गई। इस पहल से अब पात्र हितग्राही अपने आवास निर्माण कार्य को विधिवत रूप से प्रारंभ कर सकेंगे। योजना के तहत यह प्रावधान किया गया है कि यदि हितग्राही 18 महीने के भीतर अपने आवास का निर्माण पूर्ण कर लेते हैं, तो उन्हें 32,600 की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इससे हितग्राहियों को समयबद्ध निर्माण के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और योजना का लाभ तेजी से आम लोगों तक पहुंचेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने सभी हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना आम नागरिकों को पक्का और सुरक्षित घर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने हितग्राहियों से आग्रह किया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करें, ताकि उन्हें योजना का पूरा लाभ मिल सके। जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि शासन द्वारा दी जा रही इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने के लिए, हितग्राही जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।



### आवास के साथ बेहतर भविष्य की ओर कदम

*प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के माध्यम से कोंडागांव में आवासीय सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। जिससे जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। यह पहल 'हर परिवार का अपना घर' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।*

## विधायक उसेंडी ने दी बड़ी सौगात, सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ

# 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन- शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने जिले में 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। विधायक लता उसेंडी ने कार्यक्रम में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास, 33/11 केवी नवीन उपकेंद्र लोहरापारा, जल संसाधन उपसंभाग कार्यालय भवन एवं हाईस्कूल भवन सहित 5 प्रमुख निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। स्वरोजगार एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई। विधायक ने कहा कि छात्रावास निर्माण से छात्राओं को बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं कौशल प्रशिक्षण से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

- छात्रावास भवन, बिजली उपकेंद्र सहित कई निर्माण कार्य शामिल



### बिजली और संसाधनों में होगा सुधार

करीब 4.90 करोड़ की लागत से विद्युत उपकेंद्र निर्माण से क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिससे विकास कार्यों को गति मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास कार्यों की सराहना की।

### अधिकारियों व जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका प्रतिनिधि, अपर कलेक्टर, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त रुपेन्द्र तिवारी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि कार्यपालन अभियंता आर.एल. धीवर ने आभार व्यक्त किया।

### ग्राम रांधना में 84 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम रांधना में 84 लाख रुपये से अधिक लागत के 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें 8 पंचायतों के विभिन्न निर्माण शामिल हैं, जिनके पूर्ण होने से ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि का लाभ सीधे हितग्राहियों के खातों में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की आर्थिक सशक्तता से गांव, राज्य और देश की प्रगति सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भगवती नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## गैस सिलेंडर की कमी व सड़क निर्माण पर कांग्रेस गुमराह कर रही : संचेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

नगर पंचायत नरहरपुर के पार्षद एवं भाजपा कार्यकर्ता मुकेश संचेती ने गैस सिलेंडर की कथित कमी और अमोड़ा रोड निर्माण कार्य को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने, झूठा माहौल बनाने और राजनीतिक लाभ के लिए आपदा को राजनीतिक अवसर में बदलने की मानसिकता रखने का आरोप लगाया।



मुकेश संचेती ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर युद्ध जैसी परिस्थितियों के चलते कई देशों को संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन भारत में ऐसी कोई स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने समय रहते आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया है, जिसके कारण आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैस सिलेंडर की कमी को लेकर कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा प्रचार पूरी तरह भ्रामक और निराधार है। कांग्रेस केवल जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है, ताकि अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत कर सके, लेकिन सच्चाई यह है कि देश में गैस की उपलब्धता पर्याप्त है और वितरण भी सुचारू रूप से हो रहा है। कांग्रेस का यह रवैया उसकी नकारात्मक और अवसरवादी राजनीति को दर्शाता है। जनहित के मुद्दों पर सहयोग करने के बजाय कांग्रेस केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में लगी हुई है, जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। अमोड़ा रोड के चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य को लेकर भी मुकेश संचेती ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन कांग्रेसी नेताओं द्वारा आज भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं, उन्होंने अपने शासनकाल के दौरान इस सड़क की दुर्दशा को नजरअंदाज किया। पांच वर्षों तक कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन इस महत्वपूर्ण सड़क की हालत सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सड़क इतनी जर्जर हो चुकी थी कि आमजन को आवागमन में भारी परेशानी होती थी, लेकिन कांग्रेस ने कभी एक ढेला मिट्टी डालने तक की जरूरत नहीं समझी। अब जब विधायक आशाराम नेताम के प्रयासों से अमोड़ा रोड के चौड़ीकरण का कार्य शुरू हुआ है।

## सीएसआर के तहत मिवान स्टील्स की पहल से गांवों में पहुंची रौशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

मिवान स्टील्स लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत एक और सराहनीय पहल करते हुए प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है। कम्पनी द्वारा ग्राम हाहालद्दी में संचालित लौह अयस्क खदान के आसपास के गांवों में लंबे समय से सामाजिक विकास के कार्य किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों को निरंतर लाभ मिल रहा है।

इसी कड़ी में हाल ही में कम्पनी ने कुल 30 सोलर लाइट लगवाई हैं, जिससे ग्रामीण अंचलों में रोशनी की नई उम्मीद जगी है। इन सोलर लाइट्स में से 7 ग्राम हाहालद्दी, 3 भुरकागुदुम, 10 दोडदे, 3 गोपालटोला, 3 हलमालेंडी तथा 4 गरदा गांव में स्थापित की गई हैं। इन सोलर लाइट्स के लगने से पहले गांवों की गलियां और रास्ते रात के समय अंधेरे में डूबे रहते थे, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए रात में बाहर निकलना असुरक्षित महसूस होता था। अब सोलर लाइट्स के कारण ये रास्ते जगमगाने लगे हैं, जिससे न केवल सुविधा बढ़ी है बल्कि सुरक्षा का एहसास भी मजबूत हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पहल से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। अब वे रात के समय भी बिना किसी डर के अपने दैनिक कार्य कर पा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई, सामाजिक गतिविधियां और आपसी संपर्क भी पहले की तुलना में अधिक सुगम हो गए हैं। मिवान स्टील्स लिमिटेड द्वारा किए गए इस प्रयास को लेकर ग्रामीणों में काफी खुशी और संतोष देखा जा रहा है। सभी लाभार्थियों ने कम्पनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## जिले के 7673 हितग्राहियों के खातों में पहुंची 7.67 करोड़ से अधिक राशि

भूमिहीन कृषि मजदूरों को बड़ी राहत, मुख्यमंत्री ने योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खातों में राशि की अंतरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 4.95 लाख से अधिक पात्र परिवारों के लिए 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की। इसमें कोण्डागांव जिले के 7673 हितग्राही भी शामिल हैं, जिनके खातों में 7 करोड़ 67 लाख 30 हजार रुपये की राशि सीधे अंतरित की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से जिले के हितग्राही कन्हैयालाल कौशिक से संवाद कर योजना के लाभ एवं उपयोग की जानकारी ली। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेण्डी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### योजना से आर्थिक मजबूती मिलेगी : विधायक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि यह योजना भूमिहीन कृषि मजदूरों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे उन्हें आर्थिक संबल मिलेगा और उनके परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति बेहतर ढंग से हो सकेगी। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर एवं जिला पंचायत सदस्य नन्दलाल राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी योजना को श्रमिकों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### हर वर्ष मिलेगी 10 हजार रुपये की सहायता

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर, एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

## तालाकुर्रा में साहू भवन का भूमिपूजन एकता की नींव

**कांकेर।** ग्राम तालाकुर्रा में साहू समाज के बहुप्रतीक्षित समाज भवन निर्माण का शुभारंभ हर्षोल्लास और धार्मिक विधि-विधान के साथ भूमिपूजन कर किया गया। यह अवसर न केवल समाज के लिए गौरव का क्षण बना, बल्कि आने वाले समय में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में नई पहचान भी स्थापित करेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच विनोद रावटे ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह में उत्साह का माहौल देखने को मिला। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यह समाज भवन साहू समाज की एकजुटता, सामाजिक समरसता और प्रगति का प्रतीक बनेगा। यहां विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के लोगों को एक सशक्त मंच मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज के अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने की। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों के सहयोग को सराहते हुए कहा कि यह भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उत्तम साहू, उपसरपंच जीतेन्द्र साहू, वार्ड पंच पूरन साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष गौतम गांवर, ग्राम गायता देवनाथ नरेटी, सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण जैन, कुलेश्वर मारगिया, महामंत्री देवेंद्र यदु, पूर्व सरपंच कपूरचंद उइके सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निर्माण कार्य में तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए ठेकेदार पुष्पेंद्र सिंह एवं इंजीनियर गुप्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने भवन की रूपरेखा, गुणवत्ता और निर्माण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।



## विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण व दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

क्षेत्र प्रवास के दौरान भानुप्रतापपुर विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गूकोंदल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने खण्ड चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने अस्पताल में साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, मरीजों के उपचार व्यवस्था एवं स्टाफ की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होना बेहद आवश्यक है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को समय पर इलाज और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। टीबी मुक्त भारत के विशेष अभियान के तहत पोस्टर का विमोचन भी किया। इस दौरान प्रमुख रूप से धनेश नरेटी, गोपी बढ़ाई, सुनाराम तेता, हुमन मरकाम, सविता उइके, महत्तम दुग्गा, किरण डोंगरे तथा रवि साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## भानुप्रतापपुर में रामनवमी व मंदिर स्थापना दिवस कल

**भानुप्रतापपुर।** नगर में आगामी 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी पर्व एवं श्री राधाकृष्ण मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्री साई मंदिर परिसर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ होगा।

हिंदू नववर्ष चैत्र मास की नवमी तिथि पर मनाए जाने वाले इस पावन पर्व पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के साथ-साथ भगवान श्री कृष्ण एवं साईनाथ महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष निखिल शिवहरे ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का केंद्र बनेगा। समिति द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा में प्रातः 09 बजे श्री साईनाथ महाराज का अभिषेक एवं पूजन, 10 बजे श्री राधाकृष्ण महाराज का अभिषेक एवं पूजन, 12 बजे प्रभु श्री राम का पूजन एवं महाआरती, 12:30 बजे हवन यज्ञ एवं आहूति, 2 बजे भोग प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्री राधाकृष्ण मंदिर एवं श्री साई मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। आयोजन स्थल पर विशेष सजावट, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक वातावरण की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही हैं।

## विश्रामपुरी मेले में राहगीरों को पूर्व विधायक ने पिलाया शरबत व ठंडा पेय

# मेला-मड़ई छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान: नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

बड़ेराजपुर विकासखंण्ड अंतर्गत ग्राम विश्रामपुरी में आयोजित पारंपरिक मड़ई मेला में पूर्व विधायक संतराम नेताम ने देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर श्री नेताम ने कहा कि मेला-मड़ई छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान है। यह अवसर अपनों से मिलने और संपर्क का माध्यम होता है। इससे हमारी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने समझने का मौका मिलता है। केशकाल के पूर्व विधायक संतराम नेताम अपने सादगीपूर्ण अंदाज और जनसेवा के कार्यों के लिए जाने जाते हैं। आज विश्रामपुरी मेले के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी और उमस के बीच राहगीरों को शरबत व ठंडा जल पिलाया। वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ स्टाल लगाकर दिन भर लोगों को शर्बत व ठंड पेय पिलाते रहे। इस विषय पर संतराम नेताम ने कहा कि सेवा धर्म हमारी सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है, इसके पालन से पुण्य की प्राप्ति होती है।

- युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परंपरा को जानने का मिलता है अवसर



### ये रहे उपस्थित

संतराम नेताम विश्रामपुरी क्षेत्र के ही निवासी हैं और वहाँ के सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोंडागांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष हिरासिंह नेताम, कमलेश ठाकुर, रामचरण शोरी, सुकमन नेताम, नारायण नेताम व स्थानीय जनप्रतिनिधि, के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### दूसरी शादी के विरोध...

को हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मिलकर सदेश कुमार ध्रुव की गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस ने सरंडी निवासी 39 वर्षीय गंगूराम ध्रुव, 34 वर्षीय मंगूराम ध्रुव और ऐड़ानार निवासी 42 वर्षीय रजउ राम ध्रुव को 24 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### भीषण गर्मी में सूखा नलजल...

प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नलजल योजना की तत्काल मरम्मत कराई जाए, टंकियों और बोर की सफाई एवं गहरीकरण किया जाए, साथ ही जरूरत के अनुसार नए नलकूप और पानी टंकी का निर्माण कराया जाए, ताकि इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान हो सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए जल्द कार्रवाई की जाएगी, लेकिन अब तक ठोस पहल के अभाव में ग्रामीणों की उम्मीदें अधूरी ही नजर आ रही हैं।

**खबर संक्षेप**

### बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत झोड़ियांबाडम में ग्राम सभा की बैठक हुई। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच लक्ष्मीनाथ पोडियम, क्षेत्र के जनपद सदस्य पवन कुमार कर्मा की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत जल मिशन योजना एवं पंचायत में चल रही अन्य विकास कार्यों के बारे में चर्चा हुई। इस दौरान जन प्रतिनिधियों ने कहा कि पंचायत में जो भी गतिविधियां चलेगी सभी को हिस्सा लेना है और सभी को उपस्थित रहना है तभी शासन की योजना के बारे में जानकारी विस्तार में मिलते रहेगी। इस बैठक में उपसरपंच, वार्ड पंच व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### लू से सावधान, दोपहर में बाहर निकलने से बचें

**बीजापुर।** ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत के साथ बढ़ती गर्मी को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, जिला बीजापुर द्वारा लू (हीट वेव) से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आमजन से अपील की गई है कि लू के प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए सतर्क रहें और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। गर्मी बढ़ने के साथ लू लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। लू लगने पर सिर भारी होना, तेज सिरदर्द, बुखार, मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, अत्यधिक प्यास लगना, शरीर का तापमान बढ़ना लेकिन पसीना न आना तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि अत्यावश्यक कार्य न हो तो दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। बाहर जाते समय सिर और कान को कपड़े से ढंकें, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। लंबे समय तक धूप में रहने से बचें।

# पोस्टमार्टम में देरी पर हंगामा, सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

- समय पर पोस्टमार्टम नहीं होने से शव खराब होने की स्थिति में पहुंच रहा था
- नदी में डूबने से हुई थी युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल



जिले के किरकिपाल निवासी फूल कुमार बघेल की नदी में डूबने से हुई मौत के बाद पोस्टमार्टम में हो रही देरी को लेकर बुधवार को जमकर हंगामा हुआ।

नाराज परिजनों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करते हुए शव को सड़क पर रख दिया।

जानकारी के अनुसार, फूल कुमार बघेल का मंगलवार को नदी में डूबने से मौत हो गया था। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पहले छिंदगढ़ अस्पताल लाया गया, जहां से उसे सुकमा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार से लेकर अब तक पोस्टमार्टम नहीं किया गया, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पोस्टमार्टम में देरी से आक्रोशित परिजन कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरीश कवासी के नेतृत्व में सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर कार्यालय और जिला अस्पताल के सामने शव रखकर विरोध जताया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि समय पर पोस्टमार्टम नहीं होने से शव खराब होने की स्थिति में पहुंच रहा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि तत्काल पोस्टमार्टम कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।


मौके पर स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश देने का प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी था।

## बाल विवाह पर सख्ती, विकास पर एकजुटता

# शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता से ही बदलेगा बीजापुर का भविष्य : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

**कलेक्टर की सर्व समाज के साथ अहम बैठक**



जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने और शिक्षा, स्वास्थ्य सहित समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर संबित मिश्रा ने सर्व समाज के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों, विशेषकर बाल विवाह जैसी गंभीर समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित सभी समाज प्रमुखों ने एकमत होकर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने का संकल्प लिया। साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने पर जोर दिया गया।

- प्रत्येक स्कूल में कम से कम दो शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित

कलेक्टर ने जिले में कुपोषण और एनीमिया की गंभीर स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह, गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच की कमी और जागरूकता के अभाव के कारण माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि दूरस्थ इलाकों में मलेरिया जैसी बीमारियां अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में माओवाद प्रभावित क्षेत्र होने के कारण कई अंदरूनी क्षेत्रों तक शासकीय योजनाओं और जागरूकता अभियानों की पहुंच नहीं हो पाती थी, जिससे समस्याएं बढ़ीं। लेकिन अब हालात सामान्य होने पर समाज के सहयोग से बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप सुधार लाने, स्कूल छोड़ चुके और अप्रवेशी बच्चों को फिर से मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि अशिक्षा विकास में सबसे बड़ी बाधा है और इससे समाज में नकारात्मक प्रवृत्तियां जन्म लेती हैं। कलेक्टर ने जानकारी दी कि पहले माओवाद के कारण नष्ट हुए स्कूल अब पुनः संचालित हो रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर पक्के भवन स्वीकृत हो चुके हैं और शेष स्कूलों के लिए भी जल्द स्वीकृति दी जाएगी। प्रत्येक स्कूल में कम से कम दो शिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की गई है तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त व्यवस्था भी की जाएगी।

आगामी शैक्षणिक सत्र में हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने के लिए समाज से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। बैठक में आवासीय विद्यालयों की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने, सीसीटीवी निगरानी, नियमों में कड़ाई और नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, सीएमएचओ डॉ. बी.आर. पुजारी, जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास देवेन्द्र सिंह पटले, डीएमसी भवानी शंकर रेड्डी सहित सर्व आदिवासी समाज, कंवर समाज,दोरला, गोंड, मुरिया, हल्बा, परधान, कुम्हार, सतनामी, मुस्लिम एवं ब्राह्मण समाज सहित विभिन्न समाज के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सभी ने एक स्वर में जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और बीजापुर के समग्र विकास के लिए निरंतर सहयोग देने का संकल्प लिया।

## पुस्तकें ज्ञान का स्रोत, उनका दान समाज को शिक्षित बनाने में महत्वपूर्ण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

विकासखंड बस्तर में पुस्तक दान अभियान के तहत रथ वाहन ब्लॉक मुख्यालय बस्तर पहुंची। नगर पंचायत बस्तर में उत्साहपूर्वक किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, पार्षद समीर मिश्रा, सीईओ भानुप्रताप चुरेन्द्र सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं पुस्तकों के माध्यम से ज्ञान का प्रसार करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणजन, शिक्षक एवं कर्मचारी अपने-अपने घरों से उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक पुस्तकों का दान कर रहे हैं, ताकि इन पुस्तकों का लाभ अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर बच्चों और विद्यार्थियों को मिल सके।

संग्रहित पुस्तकों को जिला स्तर पर स्थापित संग्रहालय/पुस्तकालय में सुरक्षित रखा जाएगा, जहां से छात्र-छात्राएं एवं आमजन इनका उपयोग कर अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकेंगे। यह पहल न केवल पुस्तकों के सदुपयोग को बढ़ावा देगी, बल्कि पढ़ने की संस्कृति को भी सशक्त बनाएगी।

कार्यक्रम के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन व एबीईओ सुशील कुमार तिवारी द्वारा पुस्तक दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य स्रोत हैं और उनका दान समाज को शिक्षित एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। विकासखंड स्रोत समन्वयक अजम्भर कोर्राम ने कहा कि पुस्तक दान अभियान एक सराहनीय पहल है, जो समाज में शिक्षा, जागरूकता एवं बौद्धिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। इस अभियान के माध्यम से भविष्य में एक समृद्ध एवं ज्ञानवान समाज के निर्माण की आधारशिला रखी जा रही है।

## रेशम बोर्ड के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने सीएसबी बीएसएमटीसी बस्तर का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज : बस्तर

24 मार्च को केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारियों ने सीएसबी बीएसएमटीसी बस्तर का दौरा किया। जहां उन्होंने डीएफएल उत्पादन बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम ग्रेनेज प्रथाओं पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। इस अवसर पर उन्हें 75 रुपये के स्मारक सिक्कों के वितरण के साथ सम्मानित किया गया।

सीएसबी- बीएसएमटीसी बस्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी विशेषज्ञता साझा करने के लिए वरिष्ठों के प्रति आभार व्यक्त किया और सदस्य सचिव केन्द्रीय रेशम बोर्ड और निदेशक सीसेबी बीटीएसएसओ बिलासपुर और टीम को यह अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया।

## नवरात्र पर रामायण महोत्सव व रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





समलूर स्थित तपेश्वरी माता मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र पर्व पर रामायण महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रामायण मंडलियों ने बारी-बारी से रामचरित मानस की चौपाइयों का सस्वर गायन कर विभिन्न प्रसंगों पर टीका प्रस्तुत किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तजनों ने उपस्थित होकर रामायण कथा का रसपान किया।

- राम भक्तिमय वातावरण से सराबोर हुआ समलूर

जिन मानस मण्डलियों ने इसमें भाग लिया, उनमें घलर लोक कला, सांस्कृतिक व मानस मण्डली घोटपाल, सदा प्रेमानन्द मानस मण्डली भूतपदर गीदम, कल्कि रामायण मण्डली चन्देनार, स्वर धारा मानस परिवार पेन्टा, माड़िया मानस मण्डली गुमड़ा, तुलसी रामायण मण्डली नयापारा मंझारपारा बालूद, जय माँ दन्तेश्वरी मानस परिवार बचेली, माँ तपेश्वरी रामायण मण्डली समलूर के सदस्य शामिल थे। यह आयोजन माँ तपेश्वरी रामायण मण्डली एवं समस्त ग्रामवासी समलूर व माँ दन्तेश्वरी मानस संघ जिला दन्तेवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

### रामलीला का हुआ मंचन

रामायण महोत्सव के उपरांत इसी मंच पर कुआकोंडा ब्लॉक के ग्राम पेंटा के कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया, जो देर रात तक चला। दर्शकों ने पूरे समय तक मौजूद रहकर रामलीला का लुत्फ उठाया।

### स्थापित हुए ज्योति कलश

तपेश्वरी माता मंदिर में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं, जिनमें श्रद्धालुओं ने भी कलश जलवाया है। रोजाना यहां अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

## कुसुम की यह सफलता संभाग के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/घाटलोहंगा

बस्तर हेरिटेज मैराथन में 42 किलोमीटर की कठिन दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर ग्राम पंचायत मधोता की प्रतिभाशाली आदिवासी बेटी कुसुम शार्दुल ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने उन्हें अपने निवास स्थान पर सम्मानित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि कुसुम शार्दुल की यह सफलता पूरे बस्तर संभाग के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद इस मुकाम तक पहुंचना कुसुम की मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है।

## विधायक ने हिंगलाज माता का दर्शन कर की सुख-समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

चैत्र नवरात्रि पंचमी तिथि के अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था के साथ बकावण्ड ब्लाक में स्थित रियासत कालीन प्राचीन मूल हिंगलाज माता मंदिर के दर्शन किए।

इससे पूर्व गिरोला स्थित माँ हिंगलाजिन मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन कर विधानसभा सहित राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। विकासखंड बकावंड अंतर्गत बेड़ागांव, सोनपुर पंचायत स्थित प्राचीन मूल माँ हिंगलाजिन मंदिर वनांचल में बसे छोटे से गांव में स्थित इस रियासत कालीन मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली है। यहां देवी सती के अंग मस्तक से प्रादुर्भावित माता हिंगलाजिन के रूप स्थापित है। बस्तर एवं उड़ीसा के करीब 450 से अधिक हिंगलाजिन मंदिरों की उद्गम स्थली है। इस मंदिर के शिष्यों ने ही आसपास अन्य मंदिर स्थापित किए। चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि में यहाँ विशाल मेला लगता है जिसमे 450 से अधिक हिंगलाज मंदिर के पुजारी उपस्थित होते हैं।और पूरे वर्ष भर भक्तों द्वारा की गई मनोकामना इस मंदिर पर अर्पित करते हैं ताकि उन सभी भक्तों की मनोकामना मूल मंदिर में स्थित माता पूर्ण करें। मंदिर दर्शन के दौरान ठाकुर अजय सिंह बैस अध्यक्ष एवं संरक्षक, बैस मालगुजार परिवार से आत्मीय भेंट कर धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

- चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि में यहां लगेगा विशाल मेला

### बड़ेबेड़मा में हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

**दंतेवाड़ा।** आज जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत बड़ेबेड़मा में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में कुल 192 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 43 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने अपनी संचालित योजनाओं के संबंध में ग्रामीणजनों को जानकारी दी व लाभान्वित होने के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र सोरी, जिला पंचायत सदस्य, हिरमा कवासी, अध्यक्ष जनपद पंचायत कटेकल्याण, भीमसेन मंडावी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटेकल्याण एवं जनपद सदस्य, सरपंच, पंच व संबंधित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राहत व पुनर्वास कार्यों की समीक्षा, पीड़ितों को सहायता और नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में 16 फरवरी को दिए गए निर्देशों के पालन की समीक्षा करते हुए नक्सल प्रभावित परिवारों, आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा पुनर्वास से जुड़े विभिन्न मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु कार्यालयीन आदेश जारी कर 5 लाख 31 हजार 234 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं नक्सल पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करने के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्वर्गीय आयतु कुंजाम के पुत्र संजीव कुंजाम को शासकीय सेवा में नियुक्ति देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसके लिए संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। इसके साथ ही पुनर्वास नीति के अंतर्गत भू-खण्ड सुविधा के मामले में भी प्रगति हुई है। इसके अलावा नक्सल हिंसा में मृतक जोगा पोड़ियाम की पत्नी बागी पोड़ियामी को दंतेवाड़ा में आवास हेतु 8 लाख रुपये की राशि, नक्सली हिंसा में मृत स्व. मनार अकाली की पत्नी मोतीबाई तथा स्व. हड़मा हेमला के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत कर राहत प्रदान की गई है।

## पहुरनार में जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल महा उत्सव पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत पहुरनार में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यपालन अभियंता के निर्देशन में किया गया, जिसमें विभाग के सहायक अभियंता, उप अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने जल जीवन मिशन के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं दीर्घकालिक लाभों की जानकारी देते हुए ग्रामवासियों को नल-जल योजना के सुचारू संचालन में सामुदायिक सहभागिता के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर वीडब्ल्यूएससी सदस्यों, जल बहिनियों, नल-जल मित्रों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु बालक आश्रम के बच्चों ने रंगोली बनाकर संदेश दिया, वहीं महिलाओं एवं बच्चों ने जल बचाओ के नारे के साथ रैली निकाली।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुसुरपुट्टा, जनपद पंचायत नरहरपुर, जिला कांकेर**

क्र./ 852/ ग्रा.पंचा./म.बा.नि./ दिनांक 25.03.2026

**// निविदा //**

ग्राम मुसुरपुट्टा के मवेशी बाजार की निलामी दिनांक 29.03.2026 दिन रविवार को सुबह 9 बजे मंगल भवन में किया जाएगा। अमानत राशि 50,000/- रूपए जमा करने के उपरान्त ही बोली में ठेकेदार सम्मिलित हो सकते है। बोली कटने के पश्चात 50 प्रतिशत राशि तत्काल जमा किया जाना है। अन्यथा निलामी निरस्त मानकर अमानत राशि राजसात किया जाना प्रस्तावित है। तथा शेष 50 प्रतिशत राशि सितम्बर 2026 में जमा करना अनिवार्य रूप से किया जाना प्रस्तावित है। अन्यथा ग्राम पंचायत के द्वारा निर्णय मान्य होगा।

दिलीप अरकरा
सरपंच

लखनलाल साहू
सचिव







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जिले में 2217 आजीविका डबरियों का निर्माण पूरा, कांकेर प्रदेश में अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में जल प्रबंधन और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए शासन के दिशा-निर्देश में संचालित मोर गांव, मोर पानी महाभियान अब धरातल पर रंग लाने लगा है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी नरेगा मनरेगा के अभिसरण से जिले में निजी आजीविका डबरी निर्माण की पहल ने हितग्राहियों के लिए आय के नए द्वार खोल दिए हैं।

आजीविका डबरी निर्माण का मुख्य उद्देश्य सतही जल प्रवाह को एकत्र करना, भूजल का पुनर्भरण व स्थानीय आजीविका को बढावा देना है। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, डबरी निर्माण के लिए हितग्राहियों के चयन में विशेष रूप से लखपति दीदी, प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही और नक्सल पीड़ति परिवारों को प्राथमिकता से चयनित किया गया है। इस अभियान की सफलता के पीछे वैज्ञानिक दृष्टिकोण का बड़ा हाथ है।

डबरी निर्माण के लिए ग्राम सभाओं से हितग्राहियों के प्रस्ताव के बाद जिला प्रशासन द्वारा वाटरशेड सिद्धांतों का पालन करते हुए जीआईएस भौगोलिक सूचना प्रणाली और क्लार्ट एप के माध्यम से



उपयुक्त स्थलों का चयन किया गया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि डबरियों में जल भराव की क्षमता अधिकतम हो और भूजल स्तर में प्रभावी सुधार आए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में अब तक कुल 2 हजार 217 डबरी का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। इसमें अब आजीविका के लिए मछली पालन, फलदार वृक्षारोपण और सब्जी बाड़ी व अन्य विभागों के साथ मिलकर ऐसी कार्ययोजना बनाई गई है, जिससे हितग्राहियों को डबरी के अलावा अन्य संसाधनों का भी लाभ मिले।

वर्षा ऋतु के बाद इन डबरियों में जल भराव से न केवल फसलों के लिए सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि भूजल पुनर्भरण से क्षेत्र के कुओं और हैंडपंपों का जलस्तर भी सुधरेगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड में 349, भानुप्रतापपुर में 353, चारामा में 143, दुर्गूकोंदल में 342 कांकेर में 355 कोयलीबेड़ा में 227 तथा नरहरपुर में सर्वाधिक 448 इस प्रकार कुल 2 हजार 217 आजीविका डबरी का निर्माण किया गया, जो कि प्रदेश में सबसे अधिक है।

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान मौत मर्ग कायम

**कांकेर।** धमतरी जिला के सिहावा निवासी 37 वर्षीय देवेंद्र कुमार मरकाम पिता रामदयाल मरकाम का 24 जनवरी को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने से मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक रोड एक्सीडेंट में घायल हो गया था, इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसका मौत हो गया। थाना कांकेर में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कारीगरों को बांटेंगे आज टूलकिट्स

**कांकेर।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत विधिविहित विभाग के अध्यक्ष मनोज कुमार के द्वारा 26 मार्च को दोपहर 12 बजे सामुदायिक भवन ग्राम गोविंदपुर के खेल मैदान में कारीगरां को टूलकिट्स वितरित किए जाएंगे। सहायक निदेशक खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग 540 कारीगरों को विभिन्न गतिविधियों कुम्हारी, दोना-पत्तल निर्माण, फुटवियर निर्माण, मधुमक्खी पालन, इमली प्रसंस्करण, इलेक्ट्रिशियन एवं प्लम्बर जैसे कार्यों से संबंधित मशीनों एवं टूलकिट्स वितरित किए जाएंगे।

### मक्के के खेत में शराब कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** गोण्डाहूर पुलिस ने 24 मार्च को दोपहर डेढ़ बजें पीव्ही 19 के मक्का खेत में छापामार कार्यवाई करते हुए शराब कोचिया पीव्ही 19 बैकुण्ठपुर निवासी 42 वर्षीय पंकज घोष पिता स्व. प्रशांत घोष को पकड़ा। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी खेत की ओर महुआ शराब बनाता और बेचने का काम करता है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब को जप्त किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### मां बंजारी देवी का दर्शन लाभ विधायक ने लिया



**दुर्गूकोदल।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नवरात्रि के छठवें दिन दुर्गूकोंदल प्रवास के दौरान भानुप्रतापपुर विधायक ने हाहालद्दी स्थित प्रसिद्ध बंजारी माता मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए माता बंजारी देवी से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने सभी क्षेत्रवासियों के कल्याण की कामना करते हुए कहा कि नवरात्रि का यह पावन पर्व हमें आस्था, शक्ति और सकारात्मकता का संदेश देता है। इस अवसर पर कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मां बंजारी देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की उन्नति की कामना की।

## बेलगाम बसों पर पुलिस का डंडा, नियम तोड़े तो होगी सीधे कार्रवाई

# बस संचालकों को दी सख्त चेतावनी नियम तोड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शहर की सड़कों पर बेलगाम दौड़ती बसों और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने के लिए पुलिस प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। लगातार मिल रही शिकायतों और हालिया घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए बस संचालकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें साफ तौर पर चेतावनी दी गई कि अब यातायात नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शहर में मनमर्जी ढंग से बसों के कहीं भी रूकने , जिससे शहवासियों के परेशान होने के मुद्दे को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से 24 मार्च को पुलिस प्रशासन के संज्ञान में लाया था। पुलिस प्रशासन ने प्रमुखता से इस मामले को लेते हुए 25 मार्च को बस संचालकों की बैठक लिया। बैठक में बस संचालकों और चालकों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए गए कि ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग और लापरवाही से वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। खास तौर पर मस्जिद चौक को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वहां किसी भी बस के खड़े पाए जाने पर तत्काल चालानी कार्रवाई होगी। पुलिस ने यह भी कहा कि




...स चालक मोबाइल पर बात करते आते हैं नजर, दुर्घटना की आशंका
शहर की बिगड़ रही है यातायात व्यवस्था
मनचाहे स्थानों पर रूक रहीं सवारी बसें
बस चालक के कानों में मोबाइल, बढ़ता खतरा

बसें केवल निर्धारित स्टॉपेज पर ही रुकेंगी और अनावश्यक रूप से कहीं भी खड़ी नहीं की जाएंगी। यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए शहर में प्रमुख बस स्टॉप भी तय किए गए हैं। रायपुर रूट की बसों के लिए माकड़ी चौक, घड़ी चौक और बस स्टैंड निर्धारित किए गए हैं, जबकि जगदलपुर रूट के लिए ज्ञानी चौक और बस स्टैंड तय किया गया है। इसके अलावा पीजी कॉलेज, घड़ी चौक और ज्ञानी चौक को शहर के मुख्य स्टॉपेज के रूप में चिन्हित किया गया है। बस संचालकों को निर्देश दिया गया कि वे इन स्थानों पर ही बसें रोकें और अनावश्यक रूप से अधिक समय तक वाहन खड़ा न रखें। आयोजित बैठक पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार साहू, प्रशिक्षु आईपीएस प्रतीक दादासाहेब बनसोड़े, उप पुलिस अधीक्षक डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह और यातायात प्रभारी दीपक साव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मोबाइल फोन पर लगाई बंदिश

बैठक में सुरक्षा मानकों पर भी विशेष जोर दिया गया। सभी चालकों के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य कर दिया गया है और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ ही बसों में फर्स्ट एड बॉक्स और फायर एक्सटिंग्विशर रखना जरूरी होगा। प्रेशर हॉर्न के उपयोग पर भी सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वाहन की फिटनेस और परमिट से जुड़े नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई

नशे में वाहन चलाने को लेकर भी पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर कोई चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाया गया, तो उसका लाइसेंस तुरंत निलंबित किया जाएगा, साथ ही भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। बस संचालकों को अपने चालकों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### यातायात सुधरने की संभावना

पुलिस प्रशासन की इस सख्ती से यह उम्मीद जताई जा रही है कि शहर में यातायात व्यवस्था सुधरेगी और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। अब देखना होगा कि बस संचालक और चालक इन निर्देशों का कितनी गंभीरता से पालन करते हैं और शहरवासियों को सुरक्षित यात्रा का माहौल कब तक मिल पाता है।

# लकड़ी भरा वाहन जब्त, वन अमले की कार्रवाई व पूछताछ



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

वन विभाग दुर्गूकोंदल ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। रात्रि गश्त के दौरान विभाग की टीम ने लकड़ी से भरे एक संदिग्ध वाहन को पकड़कर तस्करों की गतिविधियों पर करारा प्रहार किया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और वन माफियाओं में डर का माहौल देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार 24 मार्च की रात पूर्व वनमंडलाधिकारी ऋषभ जैन एवं उप मंडलाधिकारी आईपी गेदरे के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम गश्त पर निकली थी। इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जांच में वाहन के अंदर मोदे प्रजाति की लकड़ी बड़ी मात्रा में भरी हुई पाई गई, जिसे बिना अनुमति परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालक से पूछताछ के बाद टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर जांच की, जहां यह स्पष्ट हुआ कि लकड़ी आरएफ 616 क्षेत्र से अवैध रूप से काटी गई



है। यह क्षेत्र वन विकास निगम के अंतर्गत आता है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई। प्रकरण वन विकास निगम क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण आगे की विधिक कार्रवाई के लिए इसे वन विकास निगम भानुप्रतापपुर को सौंप दिया गया है। वन विभाग की इस तत्परता भरी कार्रवाई में डिप्टी रेंजर श्रीकांत यदु, तेजभान शोरी, डोमेन्द्र कांगे, दुर्गेश देवांगन और रोहित नाग सहित अन्य कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

क्षेत्र के माकड़ी मार्ग पर स्थित न्यू माकड़ी होटल के सामने शुभ होटल के पीछे लगभग एक किलोमीटर दूरी पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मृत्यु के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। मृतक नीले रंग की जींस पहने हुए है और उसकी उम्र लगभग 25 से 30 साल के मध्य होगी। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक शव कुछ समय पुराना प्रतीत हो रहा था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि घटना चार से पाँच पहले की हो



सकती है। हालांकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। आसपास के क्षेत्र में पूछताछ के साथ ही गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान किया जा रहा है।

पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पहचान होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।


## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार



**पखांजूर।** बांदे पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी पानावर निवासी 20 वर्षीय विप्रो शील पिता अशोक शील को 22 मार्च कि रात को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

आरोपी द्वारा नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ मध्य प्रदेश बैतूल ले गया था। आरोपी का यह पहला मामला नहीं है। वर्ष 2024 में भी वह एक अन्य नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने की घटना में शामिल रहा है। इस तरह की पुनरावृत्ति से क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस द्वारा 137 (2), 87, 64 (2) (एम) बीएनएस तथा पाक्सो एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## अठखेलियां...



**कांकेर।** जिला मुख्यालय की सीमा से लगे ग्राम डुमाली पहाड़ के पास गुजरने वाली सड़क में बुधवार को देर शाम साढ़े 7 बजे तीन तेंदुए आराम करते नजर आए। वाहन से आ- जा रहे लोगों ने इस खूबसूरत नजारे को अपने मोबाइल में कैद किया और अठखेलियों का लुत्फ उठाया।

## समारोह में 20 पेंशनरों का भी किया सम्मान

# पेंशनर मिलन समारोह में छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा


छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा चारामा द्वारा पेंशनर मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले 20 पेंशनरों को सम्मानित कर साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तहसील स्तरीय विद्यार्थियों को कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं एवं 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

पेंशनर उपन्यासकार कवि गणेश यदु एवं ओमप्रकाश जैन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे कन्हैया



सिंह ठाकुर अध्यक्ष द्वारा पेंशनरों की समस्या को विधायिका से अवगत कराया गया, जिसे स्वीकार करते हुए भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख रुपए की राशि की घोषणा की गई। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज पेंशनरों की कुछ समस्या से अवगत होकर शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख राशि की घोषणा किया। कार्यक्रम में बैंक मैनेजर बैंक आफ बडौदा एवं स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया चारामा शाखा से पधारे इनके द्वारा बैंक से संबंधित पेंशनरों को मिलने वाली सुविधा से अवगत कराया गया और साथ ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा समस्त पेंशनरों को स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भानुप्रतापपुर ब्रह्मानंद नेताम, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर एवं पेंशनर तहसील शाखा उपाध्यक्ष हीरालाल साहू, शिव प्रसाद नेताम, सचिव शेखूराम नागराज तथा कोषाध्यक्ष एमआई खान, संगठन सचिव मनराखन मरकाम, संरक्षक दिलदार सिंह ठाकुर, हीरालाल साहू उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मनाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411